मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-78
15/02/2021

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग की समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- तकनीकी संस्थानों के नये भवनों के निर्माण के साथ ही उनके मेंटेनेंस की भी अच्छी व्यवस्था की जाय।
- तकनीकी संस्थानों में अध्यापन के लिये क्वालिफाइड फैकल्टी की व्यवस्था रखें ताकि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले। यहाॅ पढ़ने वाले छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था करें।
- राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों को राज्य में स्थापित आई0आई0टी0, एन0आई0टी0, आई0आई0आई0टी0 तथा राज्य के बाहर के भी उच्च तकनीकी संस्थानों से संबंद्ध करें ताकि उनकी गुणवत्ता और बढ़ायी जा सके।

पटना, 15 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने अपने प्रस्तुतीकरण में विभाग के विजन–मिशन एवं मुख्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग की संरचना, सात निश्चय पार्ट–1 के तहत युवा सबमिशन, उद्योग एवं व्यवसाय सबमिशन, राज्य के सभी 38 जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों, सात निश्चय पार्ट–2 के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने के साथ–साथ विभाग के अन्य प्रमुख प्रोजेक्ट्स के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में तकनीकी संस्थानों का निर्माण अभी पूर्ण नहीं हुआ है, वहां तेजी से कार्य पूर्ण करें। तकनीकी संस्थानों के भवनों के निर्माण के साथ–साथ उनके मेंटेनेंस की भी समुचित व्यवस्था करें। तकनीकी संस्थानों में अध्यापन के लिये क्वालिफाइड फैकल्टी की व्यवस्था रखें ताकि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले। यहाॅ पढ़ने वाले छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था करें। यहां के इंजीनियरिंग कॉलेजों को राज्य में स्थापित आई0आई0टी0, एन0आई0टी0, आई0आई0आई0टी0 तथा राज्य के बाहर के भी उच्च तकनीकी संस्थानों से संबंद्ध करें ताकि उनकी गुणवत्ता और बढ़ायी जा सके।

बैठक में विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******